UPJP010026332024

Presented on : 12-04-2024
Registered on : 12-04-2024
Decided on : 06-12-2024
Duration : 0 years, 7 months, 24 days

**IN THE COURT OF**
**4th A.D.J. /Special Judge (E.C. Act) AT ,Jaunpur**
**Presided Over by Smt. Roopali Saxena**

**Misc. Civil Appeal/41/2024**

प्रकीर्ण सिविल अपील संख्या–41 / 2024

जितेन्द्र कुमार बनाम सत्यलाल आदि

**दिनांक–06.12.2024**

पत्रावली पेश हुई। भोजन अवकाश से पूर्व एवं भोजन अवकाश के बाद कई बार पुकार कराई गयी। पक्षकार अनुपस्थित। पक्षकारों की ओर से न तो उनके विद्वान अधिवक्ता हाजिर हैं और न ही उनके द्वारा अनुपस्थिति के सम्बन्ध में कोई प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है।


पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रकीर्ण सिविल अपील दिनांक 12.04.2024 को माननीय जनपद न्यायाधीश के न्यायालय में दाखिल की गयी। माननीय जनपद न्यायाधीश के स्थानांतारण आदेश दिनांकित 24.10.2024 से पत्रावली विधि अनुसार निस्तारण हेतु वर्तमान न्यायालय को प्राप्त हुई। विगत कई तिथियों से पक्षकार सिविल प्रकीर्ण में अनुपस्थित हैं। अंतिम अवसर दिये जाने के बावजूद भी पक्षकार न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। ऐसा प्रतीत होता है कि पक्षकार प्रश्नगत सिविल प्रकीर्ण के प्रति उदासीन हो चुकें हैं। ऐसे में दाखिल सिविल प्रकीर्ण को लंबित रखे जाने का कोई न्याय–संगत आधार नहीं है। अतः प्रस्तुत प्रकीर्ण सिविल अपील निरस्त किये जाने योग्य है।

**आदेश**

पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण प्रश्नगत प्रकीर्ण सिविल अपील संख्या–41 / 2024 जितेन्द्र कुमार बनाम सत्यलाल आदि निरस्त की जाती है। पत्रावली बाद आवश्यक कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

अवनीश कुमार मौर्य
आशुलिपिक

(रूपाली सक्सेना)
अपर जिला जज, चतुर्थ,
जौनपुर।
आई0डी0 नं0–यू0पी0 1524



Digitally signed by Roopali Saxena Dixit
Date: 2024.12.06 16:33:20 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court, Jaunpur